**भारत सरकार**
**शिक्षा मंत्रालय**
**उच्चतर शिक्षा विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-3298**
**उत्तर देने की तारीख-16/12/2024**

**यूजीसी/यूपीएससी द्वारा राष्ट्रीय परीक्षा आयोजित करने के लिए कंप्यूटर प्रयोगशालाएं**

†**3298. डॉ. गणपथी राजकुमार पी.:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) यूजीसी/यूपीएससी द्वारा राष्ट्रीय परीक्षा/परीक्षण आयोजित करने के लिए राज्यवार कितनी कम्प्यूटर प्रयोगशालाएं, विद्यमान हैं/स्थापित की जाएंगी;
(ख) क्या सरकार के पास इस प्रयोजन के लिए कम्प्यूटर प्रयोगशालाएं स्थापित करने का कोई प्रस्ताव/योजना है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

(क) से (ग): राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की स्थापना उच्चतर शिक्षा संस्थानों (एचईआई) में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित करने हेतु एक विशेष निकाय के रूप में की गई है। वर्ष 2018 में इसकी स्थापना के उपरांत, एनटीए ने 5.4 करोड़ से अधिक अभ्यर्थियों को शामिल करते हुए 240 से अधिक परीक्षाएं आयोजित की है। परीक्षाएं पेन और पेपर टेस्ट (पीपीटी) और कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) दोनों मोड में आयोजित की गई हैं।

एनटीए द्वारा परीक्षाओं के संचालन के लिए सीबीटी केंद्र मुख्य रूप से परीक्षा डिलीवरी एजेंसी द्वारा प्रदान किए जाते हैं। जब भी किसी विशेष शहर में कंप्यूटर नोड्स की कमी होती है, वहां उच्चतर शिक्षा संस्थानों और एआईसीटीई से संबद्ध संस्थानों से परीक्षाओं के संचालन के लिए अपने परिसर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया जाता है। शिक्षा मंत्रालय ने राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से राज्य सरकार के संस्थानों में सुरक्षित कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) स्थापित करने में उनकी सहायता का भी अनुरोध किया है।

*****